Bareilly, Tuesday,
7 February 2023

BAREILLY EDITION

Price ₹ 3.50/-
Pages 10

दैनिक जागरण

PAGE NO 05, BOTTOM

एमबीबीएस के नए बैच के स्वागत में हुई फ्रेशर पार्टी

एसआरएमएस में एमबीबीएस के नए बैच के स्वागत में फ्रेशर पार्टी ● सौ.संस्थान

बरेली : श्रीराममूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज में सोमवार को एमबीबीएस बैच 2022 के विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर पार्टी हुई। इस मौके पर ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देवमूर्ति ने सभी को आशीर्वाद दिया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगा कर हर काम करने का संदेश दिया। चाहें फ्रेशर पार्टी में फैशन शो में भाग लेना हो या एनाटामी की क्लास में, कभी परेशान न हों, डिप्रेशन में न आएं। बस काम को इंज्वाय कीजिए। डिप्रेशन भाग जाएगा। सभी चिंताओं को छोड़ कर सिर्फ पढ़ाई पर ध्यान देना है। प्राचार्य डा. एसबी गुप्ता, उप प्राचार्य डा. एनके अरोड़ा, एयरमार्शल डा. महेंद्र सिंह बडोला, डीन पीजी डा. रोहित शर्मा, डीन यूजी डा.नीलिमा मेहरोत्रा, डीएसडब्ल्यू डा.क्रांति कुमार आदि रहे। - विज्ञ.